# मप्र को मिला 8635 करोड़ का निवेश

**5785 लोगों को मिलेगा रोजगार**

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 12 अगस्त. गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित निवेश संवाद के दौरान मप्र को विभिन्न क्षेत्रों में 8 हजार 635 करोड़ रुपये के निवेश प्राप्त हुए हैं. इन प्रस्तावों से 5 हजार 785 से अधिक रोजगार के अवसर सृजित होंगे. निवेश संवाद में गुजरात के अहमदाबाद, सूरत, भावनगर, राजकोट और वडोदरा सहित प्रमुख औद्योगिक केंद्रों से 500 से अधिक उद्योगपतियों, निवेशकों एवं कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने सहभागिता की और मप्र में निवेश के प्रति विशेष रुचि दिखाई.**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अहमदाबाद में आयोजित मेगा निवेश संवाद इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज इन मध्यप्रदेश में देशभर से आए प्रमुख उद्योगपतियों और निवेशकों को संबोधित किया. इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश व्यापार-व्यवसाय, नई औद्योगिक इकाइयों




1 सीएम ने 500 से अधिक उद्योगपतियों, निवेशकों को किया संबोधित

2 कॉर्पोरेट प्रतिनिधियों ने मप्र में निवेश के प्रति विशेष रुचि दिखाई

की स्थापना-विस्तार और बिजनेस एक्सटेंशन के लिए असीम संभावनाओं की धरती है. उन्होंने कहा कि उद्योग के संचालन के लिए मुख्यत: ठोस नीति, नेक नीयत और सहयोगी सरकार. मध्यप्रदेश में आपको यह तीनों ही मिलेंगे. मुख्यमंत्री ने गुजरात के उद्योग जगत को आगामी प्रस्तावित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027, भोपाल के लिए आमंत्रित करते हुए कहा, आपके पास अनुभव है और हमारे पास अवसर. हमारे अवसरों को आपका अनुभव मिल जाए, तो हम मिलकर इतिहास रचेंगे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों से मध्यप्रदेश के प्रगति पथ में सहयात्री बनने का आह्वान करते हुए कहा कि आइए, मध्यप्रदेश में बिना किसी संकोच के और खुले दिल से निवेश कीजिए तथा हमारे साथ विकास की इस ऐतिहासिक यात्रा का हिस्सा बनिए. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र में निवेशकों को बिजली, पानी और जमीन की चिंता करने की जरूरत नहीं है. औद्योगिक भूमि रियायती दरों पर लीज पर उपलब्ध है, पर्याप्त वाटर बैंक और सरप्लस बिजली है तथा प्लग एंड प्ले जोन विकसित किए जा रहे हैं. लगभग 19 हजार एकड़ में 48 नए इंडस्ट्रियल पार्क विकसित किए जा रहे हैं. सिंगल विंडो सिस्टम को समस्याओं का अंत, सेवा तुरंत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बाधा का समाधान एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है. अपर मुख्य सचिव, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन नीरज मंडलोई ने निवेशकों को मध्यप्रदेश की विशेषताओं के बारे में जानकारी दी. मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेश संवाद के दौरान प्रमुख उद्योग समूहों के साथ 15 से अधिक वन-टू-वन बैठकें हुईं। इनमें निवेश प्रस्तावों, औद्योगिक विस्तार और मध्यप्रदेश में उपलब्ध निवेश अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश को पिछले ढाई वर्षों में 34 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जबकि 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश धरातल पर उतर चुका है. उन्होंने निवेशकों को आगामी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2027 में सहभागिता के लिए आमंत्रित किया.

### एमपी में दूध की जगह वनस्पति से बना पनीर हुआ प्रतिबंधित

**भोपाल.** मप्र भी अब देश के उन राज्यों में शामिल हो गया है, जहां एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लग गया है. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अहमदाबाद रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री निवास पर खाद्य विभाग के आला अधिकारियों को तलब किया और इस संबंध में निर्देश दिए. डॉ. यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मप्र में एनालॉग पनीर पर प्रतिबंध लगाया जाएगा, जैसे अन्य राज्यों ने लगाया है.

### अरविंद समूह बरलाई, धार और बेटमा में करेगा निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि गुजरात के साथ मप्र के संबंधों को और प्रगाढ़ करते हुए अरविंद समूह द्वारा मप्र में भी अपनी इकाई स्थापित की जा रही है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना के अनुरूप पीएम मित्र पार्क में अगले वर्ष तक उत्पादन प्रारंभ करने का लक्ष्य है. इससे प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे. अरविंद समूह द्वारा 3 स्थानों पर अपनी इकाइयां स्थापित की जा रही हैं. इनमें देवास के निकट बरलाई, धार स्थित पीएम मित्र पार्क और इंदौर का बेटमा शामिल हैं. डॉ. यादव ने यह बात बुधवार को गुजरात के अहमदाबाद में अरविंद लिमिटेड के वाइस चेयरमैन कुलीन लालभाई से चर्चा के बाद कही.

# कानून के दुरुपयोग पर सरकार पर साधा निशाना

## पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने दस्यु अधिनियम के दुरुपयोग का लगाया आरोप

- गोविंद सिंह ने कहा- डकैतों की समस्या खत्म
- किसानों और कांग्रेस पर हो रहा कानून का इस्तेमाल

**भोपाल, 12 अगस्त. मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. गोविंद सिंह ने मध्यप्रदेश डकैती और व्यपहरण प्रभावित क्षेत्र अधिनियम, 1981 के कथित दुरुपयोग को लेकर भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए.**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में डकैतों की समस्या समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद इस कानून के जरिए लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कथित रूप से झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है.



उन्होंने कानून को तत्काल समाप्त करने की मांग की और मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की बात कही. पत्रकार वार्ता में डॉ. सिंह ने कहा कि ग्वालियर-चंबल और रीवा संभाग में डकैतों के आतंक से निपटने के लिए 1981 में यह कानून बनाया गया था. उनके अनुसार, उस समय बड़ी संख्या में डकैत गिरोह सक्रिय थे. उन्होंने दावा किया कि वर्ष 2007 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और 2012 में तत्कालीन गृह मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने प्रदेश से डकैत समस्या समाप्त होने की बात कही थी. इसके बावजूद कानून अब भी लागू है. साथ ही सिंध नदी में अवैध रेत खनन और पुलिस-प्रशासन की कथित मिलीभगत के भी आरोप लगाए.

### ये लगाए आरोप

डॉ. सिंह ने आरोप लगाया कि वर्ष 2020 से 2025 के बीच ग्वालियर-चंबल के छह जिलों और रीवा संभाग के तीन जिलों में इस कानून के तहत एक हजार से अधिक युवाओं और किसानों के खिलाफ कार्रवाई की गई. उन्होंने इसे नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों का हनन बताया. उन्होंने लहार के रौन थाने और दतिया की घटनाओं का उल्लेख करते हुए पुलिस पर कथित रूप से बदले की कार्रवाई करने के आरोप लगाए.

## मुक्तिधाम नहीं होने से कई गांवों में बरसते पानी में करते हैं अंतिम संस्कार

**बेगमगंज, 12 अगस्त.** ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम निर्माण कराने के लिए पिछली 5 वर्षीय योजना में प्रत्येक ग्राम पंचायत को अलग से बजट उपलब्ध कराया गया था लेकिन अनेक जगह मुक्तिधाम का निर्माण नहीं कराया गया. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को स्पष्ट दिशा निर्देश के बाबजूद पंचायतें बरत रही उदासीनता, आज तक नहीं बने अधिकांश गांवों में मुक्तिधाम. एक ओर सरकारें विकास के तमाम दावे कर रही है और इसके लिए प्रयासरत नजर आती है. पर इसके उलट जमीनी हकीकत कुछ और ही कहती है. मूलभूत सुविधाएं तो छोड़िए, कई ग्राम पंचायतों की उदासीनता के चलते अंतिम संस्कार भी सम्मानजनक तरीके से नहीं हो पा रहा है.

# 18 लाख की चोरी का खुलासा, फुटेज से मिले सुराग

**15 लाख रूपए सहित पांच गिरफ्तार**

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 अगस्त. जनकगंज थाना क्षेत्र में हिन्दुस्तान लीवर एजेंसी के कार्यालय से हुई 18 लाख रुपये की सनसनीखेज चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है.**

क्राइम ब्रांच और जनकगंज थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक विधि-विरुद्ध बालक सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस ने



चोरी की रकम में से 15 लाख 40 हजार रुपये बरामद कर लिए हैं. मामले का खुलासा सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच के आधार पर हुआ. पटेल नगर सिटी सेंटर निवासी एजेंसी संचालक संजय कुमार बंसल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि पीजीवी कॉलेज के पास जीवाजीगंज स्थित उनके कार्यालय के ड्रॉअर में करीब 18 लाख रुपये नकद और एक चांदी का सिक्का रखा था. 9 अगस्त की रात कार्यालय बंद कर वह घर चले गए थे. रात करीब 1:30 बजे पड़ोसी के फोन पर कार्यालय पहुंचे तो ताले सही मिले, लेकिन अगले दिन सुबह कार्यालय का ताला टूटा हुआ मिला.

## शासकीय हाई स्कूल में क्लासरूम की टीवी पर भोजपुरी गाने से हड़कंप

**रीवा.** रीवा जिले के गुढ़ क्षेत्र अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल बदबार स्कूल के क्लासरूम में पढ़ाई के लिए लगाई गई स्मार्ट टीवी पर भोजपुरी गाना कमरिया डोले डोले डोले राजा जी बजाकर छात्रों द्वारा ठुमके लगाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि छात्र छात्राएं कक्षा के अंदर बिना किसी डर या रोक टोक के फिल्मी गाने की धुन पर नाच रहे हैं.

# पेयजल में लापरवाही पर ठेकेदार पर 50 लाख का जुर्माना

- कर्मचारियों की कमी से प्रभावित हुई जलापूर्ति
- नगर निगम ने वर्तमान देयक से रोकी राशि

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 अगस्त. अमृत योजना के तहत शहर में बिछाई गई पेयजल लाइनों के संचालन और संधारण में लापरवाही बरतना ठेकेदार एजेंसी को भारी पड़ गया.**

नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय ने अनुबंध के अनुरूप पर्याप्त



कर्मचारियों की तैनाती नहीं करने और कई क्षेत्रों में जलापूर्ति प्रभावित होने पर मैसर्स विष्णु प्रकाश आर. पुंगलिया पर 50 लाख रुपये की पेनल्टी लगाई है. यह राशि एजेंसी के वर्तमान देयक से रोक ली गई है. निगम ने चेतावनी दी है कि भविष्य में अनुबंध की शर्तों का पालन नहीं किया गया तो रोकी गई राशि राजसात कर ली जाएगी.

अधीक्षण यंत्री पीएचई एसएल बाथम के अनुसार अमृत परियोजना-1.0 के जलप्रदाय प्रोजेक्ट-2 के तहत अनुबंध क्रमांक 932, 23 सितंबर 2017 के प्रावधानों के अनुसार एजेंसी ने 160 एमएलडी क्षमता का जलशोधन संयंत्र, 35 उच्चस्तरीय टंकियां, सात भू-स्तरीय टंकियां और सम्पवेल सहित अन्य अधोसंरचनाओं का निर्माण किया है. इसके अलावा शहर में 849 किलोमीटर डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और 66 किलोमीटर फीडर मेन, यानी कुल 915 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई गई है.

# दल सागर तालाब के मामले में हाईकोर्ट सख्त

## कलेक्टर ने स्वयं देखे तालाब की भूमि पर न हो कोई निर्माण कार्य

नवभारत न्यूज

**जबलपुर, 12 अगस्त. मप्र हाईकोर्ट ने रीवा जिले की रायपुर करचुलियान तहसील अंतर्गत स्थित नयिन ग्राम के दल सागर तालाब पर अतिक्रमण के मामले को सख्ती से लिया.**

एक्टिंग चीफ जस्टिस विवेक रूसिया व जस्टिस प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने बुधवार को मामले की सुनवाई करते हुए रीवा कलेक्टर को निर्देशित किया है वह मौके पर जाकर सुनिश्चित करें कि तालाब की भूमि पर कोई निर्माण कार्य न हो. इसके साथ ही न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिये है.

यह जनहित याचिका रीवा



रायपुर करचुलियान के ग्राम नयिन निवासी लाल बहादुर सिंह व आनंद सिंह की ओर से दायर की गई है. जिनकी ओर से अधिवक्ता मोहित वर्मा ने पक्ष रखा. जिन्होंने बताया कि गांव में स्थित दल सागर तालाब पर भू-माफियाओं द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर कालोनी का निर्माण किया जा रहा है. जबकि पूर्व में हुई शिकायतों और अखबार में प्रकाशित खबरों पर कलेक्टर ने वर्ष 2021 में तालाब को तालाब ही रहने के निर्देश देते हुए उसे पूर्व स्थिति में यथावत् रखने के निर्देश दिये थे. इसके बावजूद भी भू-माफिया लगातार अतिक्रमण कर अवैध निर्माण करते चले आ रहे है. मामले में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, कलेक्टर रीवा, एसडीओं, तहसीलदार रायपुर करचुलियान व दिलीप सूर्यवंशी को पक्षकार बनाया गया है. मामले की सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने कलेक्टर को उक्त निर्देश देते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब तलब किया है.

# गजराराजा में जल्द शुरू होगा सरकारी किडनी ट्रांसप्लांट सेंटर

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 अगस्त. ग्वालियर-चंबल संभाग के किडनी मरीजों के लिए बड़ी राहत की तैयारी है. गजराराजा मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में जल्द ही किडनी ट्रांसप्लांट (गुर्दा प्रत्यारोपण) की सुविधा शुरू होने जा रही है. इसके साथ ही मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली, मुंबई और अन्य बड़े शहरों की दौड़ से राहत मिलने की उम्मीद है.**

योजना को अंतिम रूप देने के लिए नई दिल्ली के प्रतिष्ठित निजी अस्पताल से आए किडनी ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ डॉ. विकास जैन ने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल का विस्तृत निरीक्षण किया. उन्होंने ऑपरेशन थिएटर, इंटेंसिव केयर यूनिट और संक्रमण नियंत्रण व्यवस्था का जायजा लिया. निरीक्षण के बाद उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया और ट्रांसप्लांट प्रक्रिया शुरू करने के लिए आवश्यक चिकित्सा उपकरणों की जल्द खरीदी के निर्देश दिए.

जानकारी के अनुसार डॉ. जैन ने जीआरएमसी के डीन डॉ. आर.के.एस. धाकड़ से मुलाकात कर सेंटर को जल्द शुरू करने की तैयारियों पर चर्चा की.

# क्रेडिट कार्ड का झांसा देकर ऐप के जरिए 4 .46 लाख की साइबर ठगी

**इंदौर. बेहतर सिबिल स्कोर के आधार पर नया क्रेडिट कार्ड दिलाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने मल्हारगंज के प्रॉपर्टी ब्रोकर को निशाना बनाया. बैंक प्रतिनिधि बनकर पहले उससे निजी जानकारी ली और फिर बैंक जैसी दिखने वाली ऐप डाउनलोड करवाई. इसके बाद मोबाइल हैक कर ठगों ने खाते से 4 लाख 46 हजार रुपए निकाल लिए.**

मल्हारगंज निवासी अमित धूत ने पुलिस को बताया कि 6 अगस्त को उनके मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से कॉल आए थे. फोन करने वालों ने खुद

### मोबाइल पर अलग-अलग नंबरों से किया कॉल

को एक नामचीन बैंक के क्रेडिट कार्ड विभाग का कर्मचारी बताया. उन्होंने अमित से कहा कि उनका सिबिल स्कोर अच्छा है, इसलिए उन्हें नया क्रेडिट कार्ड जारी किया जा सकता है. बातचीत के दौरान ठगों ने उनकी जन्मतिथि सहित अन्य व्यक्तिगत जानकारी हासिल कर ली. इसके बाद वॉट्सऐप पर संपर्क कर उन्हें बैंक के नाम से मिलती-जुलती ऐप डाउनलोड करने के लिए कहा गया. अमित ने ऐप में मांगी गई जानकारी दर्ज कर दी. इसके बाद कुछ ही समय में उनका मोबाइल हैक हो गया. खाते से अलग-अलग ट्रांजैक्शन होने लगे और 4 लाख 46 हजार रुपए निकल गए. खाते से रकम जाने के मैसेज मिलने पर अमित को ठगी का पता चला.

उन्होंने मल्हारगंज थाने में शिकायत की, जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है. पुलिस कॉल करने वाले नंबरों और बैंक खाते में हुए ट्रांजैक्शन के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है.

# चोरी की गाड़ियों के पार्ट्स के सौदागर की कड़ी खुली

नवभारत न्यूज

**इंदौर, 12 अगस्त. चोरी के वाहनों को कबाड़ में खपाने वाले गिरोह की पड़ताल में क्राइम ब्रांच ने फरार चल रहे 34 वर्षीय फहीम अंसारी को गिरफ्तार किया है.**

रानीपुरा दौलतगंज के कबाड़ कारोबार से जुड़े इस मामले में पुलिस ने उसके गोदाम से ढाई लाख रुपए कीमत की हाइड्रोलिक मशीन बरामद की है. कार्रवाई के दौरान दो गोदामों को सील किया. मामले की शुरुआत 9 अगस्त को रानीपुरा की कबाड़ दुकान पर हुई कार्रवाई से हुई थी. यहां से अल्ताफ अंसारी और अरशद अंसारी को पकड़ा था. तलाशी में चोरी के दोपहिया वाहनों के कलपुर्जे और 12 इंजन मिले थे. इनमें तीन इंजनों के नंबर घिसे हुए थे. पूछताछ और जांच के दौरान फहीम अंसारी का नाम सामने आने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी. मंगलवार 11 अगस्त को फहीम पुलिस के हाथ लग गया. उसके ठिकाने की तलाशी में गाड़ियां काटने में इस्तेमाल होने वाली स्क्रैप हाइड्रोलिक मशीन मिली. मशीन जब्त करने के बाद पुलिस ने फहीम के गोदाम को सील कर दिया.

# दो आरोपियों को 3-3 वर्ष के कारावास की सजा

- व्यापमं प्रतिरूपण मामले में विशेष अदालत का फैसला
- वर्ष 2015 को यह मामला पुन: दर्ज किया गया था

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 अगस्त. ग्वालियर की विशेष व्यापमं अदालत ने आज 12 अगस्त 2026 को व्यापमं मामलों में दो निजी आरोपियों अमितेश और विपिन कुमार को दोषी ठहराते हुए 3-3 वर्ष के कठोर कारावास तथा 5-5 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई.**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय के




डब्ल्यू पी (सिविल) क्रमांक 372/2015 और 417/2015 में दिए गए आदेश के बाद 5 अगस्त 2015 को यह मामला पुन: दर्ज किया था. मूल एफआईआर 9 मार्च 2014 को गुना के कैंट थाना में शासकीय पीजी कॉलेज, गुना के परीक्षा केंद्र अधीक्षक की शिकायत पर दर्ज की गई थी. आरोप था कि परीक्षा कक्ष में विपिन कुमार के स्थान पर एक अन्य व्यक्ति परीक्षा देते हुए पकड़ा गया. सत्यापन के दौरान उसका फोटो से मिलान नहीं हुआ. प्रारंभिक जांच के बाद परीक्षा अधीक्षक ने प्रतिरूपण करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कैंट थाना, गुना में एफआईआर दर्ज कराई. आरोपी ने अपनी पहचान अमितेश, निवासी गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) के रूप में बताई और स्वीकार किया कि उसने मूल परीक्षार्थी विपिन कुमार, निवासी जिला मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) की ओर से परीक्षा दी थी.

## आरोपी के पिता ने लगाई डीआईजी से गुहार

**ग्वालियर.** गोले का मंदिर थाना क्षेत्र में शराब व्यवसाय को लेकर हुई मारपीट और हत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है. मामले में आरोपी बनाए गए योगेश शिवहरे के पिता हरीशंकर शिवहरे मंगलवार को डीआईजी ग्वालियर रेंज कार्यालय पहुंचे. उन्होंने बेटे को झूठा फंसाए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच और प्रकरण से नाम हटाने की मांग की है. हरीशंकर शिवहरे ने पुलिस उप महानिरीक्षक को दिए आवेदन में बताया कि उन्होंने घटना के समय के सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल टावर लोकेशन से जुड़े साक्ष्य भी पुलिस को सौंपे हैं.

# पालदा स्थित उमापति इंडस्ट्रीज में मिलीं कई अनियमितताएं

नवभारत न्यूज़

**इंदौर, 12 अगस्त. इंदौर में एनालॉग पनीर, जिसे कृत्रिम पनीर भी कहा जाता है, को लेकर राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के मंगलवार को दिए बयान और मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा मामले का तत्काल संज्ञान लेने के बाद खाद्य विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है.**

बुधवार, 12 अगस्त को विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न स्थानों पर खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर पनीर के नमूने लिए. इसी क्रम में खाद्य विभाग की टीम ने 305/2 पार्ट-10, पालदा, इंदौर स्थित उमापति इंडस्ट्रीज का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान फर्म के प्रोपराइटर सावन उपाध्याय मौके पर उपस्थित रहे. परिसर में लो फैट पनीर के निर्माण एवं पैकिंग का कार्य होता पाया गया.

निरीक्षण के दौरान खाद्य विभाग को परिसर में कई खामियां मिलीं. परिसर में ड्रेनेज व्यवस्था उचित नहीं पाई गई, जबकि दीवारें भी गंदी मिलीं. रॉ मैटेरियल को निर्धारित तरीके से पैलेट्स पर नहीं रखा गया था और भंडारण व्यवस्था भी अव्यवस्थित पाई गई.

**अभियान** युवाओं की भूमिका अहम : नरेंद्र शिवाजी पटेल

# शीघ्र जांच-उपचार से महामारी पर नियंत्रण संभव : शुक्ल

**भोपाल, 12 अगस्त. अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश में बुधवार से एचआईवी/एड्स सघन जागरूकता अभियान का शुभारंभ किया गया.**


यह अभियान 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में संचालित होगा. अभियान का उद्देश्य आमजन में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना, बीमारी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करना, जांच एवं उपचार सेवाओं को बढ़ावा देना तथा एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव और लांछन को समाप्त करना है.



प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने संदेश जारी कर कहा कि एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के लिए समय पर जांच और उपचार बेहद जरूरी है. उन्होंने कहा कि एचआईवी संक्रमित व्यक्ति नियमित रूप से एआरटी उपचार लेकर स्वस्थ और लंबा जीवन जी सकते हैं. उन्होंने नागरिकों से बिना संकोच एचआईवी जांच कराने की अपील की. उन्होंने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के शुरुआती तीन माह में एचआईवी, सिफलिस और हेपेटाइटिस-बी की जांच कराना आवश्यक है.

### युवाओं से किया आव्हान

राज्यमंत्री पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एचआईवी/एड्स की रोकथाम में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है. उन्होंने युवाओं से अपनी जीवनशैली, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया. उन्होंने भारत सरकार के ब्रेकफ्री इंडिया पोर्टल की जानकारी देते हुए कहा कि युवा इस माध्यम से एचआईवी जोखिम का आकलन करने के साथ अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त कर सकते हैं.



## अनिका को इलाज के लिए 1 .55 करोड़ की और जरूरत

**इंदौर.** साढ़े तीन साल की अनिका की जिंदगी बचाने के लिए परिवार को 9.55 करोड़ रुपए के इलाज की जरूरत है. लोगों और सामाजिक संस्थाओं की मदद से अब तक करीब 8 करोड़ रुपए जुटाए जा चुके हैं, लेकिन इलाज के लिए अभी भी बड़ी रकम की जरूरत है. इसी बीच मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने परिवार के लिए उम्मीद की नई राह खोली है.

# बीएचईएल को मिला राष्ट्रीय सम्मान

## भेल को जेम पर सर्वाधिक खरीद के लिए दिया गया है यह सम्मान

बीएचईएल संवाददाता

**नई दिल्ली/भोपाल, 12 अगस्त. भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) को वित्त वर्ष 2025-26 में केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों के बीच मात्रा के आधार पर सर्वाधिक खरीद करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है.**

यह पुरस्कार सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जेम) के माध्यम से सार्वजनिक खरीद में बीएचईएल के उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया. नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बीएचईएल को यह पुरस्कार



प्रदान किया. बीएचईएल की ओर से निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) एस. एस. रामनाथन तथा कार्यकारी निदेशक (कैपेक्स एवं एसएसएंडपी) सी. वेंकट राव ने पुरस्कार ग्रहण किया. बीएचईएल द्वारा जेम के माध्यम से प्रत्येक वर्ष लगातार 26,000 से अधिक अनुबंध किए जा रहे हैं. यह सरकारी डिजिटल खरीद मंच के व्यापक और प्रभावी उपयोग को दर्शाता है.